फाइल संख्या.01/03/2013-सीएंडडब्ल्यू

भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

(समन्वय एवं कल्याण अनुभाग)

*******

बी-विंग, राजीव गांधी भवन,
सफदरजंग एयरपोर्ट,
नई दिल्ली, दिनांक 07 अक्टूबर, 2013

अधोहस्ताक्षरी को नागर विमानन मंत्रालय के अगस्त, 2013 के मासिक सारांश के अवर्गीकृत भाग की प्रति एतद्सहित सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

आलोक सिन्हा
(आलोक सिन्हा)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

प्रेस सूचना अधिकारी (पीआईओ)
{श्री पी.के. मोहांती, सीएंडएफ (आईओए)}
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

सारांश की प्रति के साथ, प्रति प्रेषित:-

1. सचिव, दूरसंचार विभाग, संचार भवन, नई दिल्ली।
2. सचिव, विधायी विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. सचिव, शिक्षा विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. सचिव, सांख्यिकी विभाग, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, अनसुधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली।
6. सचिव, शहरी विकास विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, रक्षा उत्पाद विभाग, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
8. सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यटन विभाग, पर्यटन भवन, नई दिल्ली।
11. सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, पोत परिवहन विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
13. मंत्रिमंडल सचिव (श्री के.एल. शर्मा, निदेशक), राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

सारांश की प्रति के साथ, प्रति निम्न को भी प्रेषित:-

1. अध्यक्ष, एनआईसी प्रभाग, नागर विमानन मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. निदेशक (एमएंडसी), नागर विमानन, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. इकाओ परिषद् के आरआईओ, 999, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट, सुइट 14.30, मांट्रियल क्यूबेक, कनाडा एच3सी5जे9।
4. टीसीएस के प्रतिनिधि।

भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
अगस्त, 2013 के लिए मासिक सारांश

**1. महत्वपूर्ण गतिविधियां**

(i) 20 अगस्त, 2013 को लोक सभा में राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय बिल, 2013 पेश किया गया है।

(ii) 20.08.2013 को लोक सभा में नागर विमानन प्राधिकरण बिल, 2013 पेश किया गया है।

(iii) इकाओ द्वारा वर्ष 2006 तथा वर्ष 2012 में किए गए लेखापरीक्षा के अवसर पर प्रस्तुत संभावित महत्वपूर्ण सुरक्षा मामलों (एसएससी) सहित अपनी सिफारिशों के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए अगस्त, 2013 के तीसरे सप्ताह के दौरान इकाओ (आईसीवीएम) द्वारा भारत का दौरा किया गया ।

**1.1 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण :**

**<u>गगन परियोजना</u>**

(i) गगन प्रमाणन अभिलेख तैयार किए गए हैं और इन्हें सचिव, नागर विमानन मंत्रालय के समक्ष राजीव गांधी भवन में प्रदर्शित किया गया और नागर विमानन महानिदेशालय को सौंप दिया गया।

(ii) सितम्बर/अक्टूबर,2013 तक गगन योजना को आरएनपी 0.1 सेवा के लिए प्रमाणित किए जाने की योजना है।

(iii) परियोजना गतिविधियों के प्रति अगस्त, 2013 तक कुल संचयी व्यय (गगन - एसओपी)450.30 करोड़ रुपये (लगभग) था।

(iv) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कोलकाता तथा जयपुर हवाईअड्डों पर समान प्रयोक्ता घरेलू कार्गो टर्मिनलों के प्रचालन आरंभ किए गए हैं ।

(v) "भिलाई में नंदनी हवाईपट्टी के पुन:सतहीकरण" के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा सेल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(vi) "रायपुर हवाईअड्डे पर हैंगर के निर्माण"के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा सीमा सुरक्षा बल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(vii) राजगढ़ हवाईअड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(viii) गत 13 अगस्त, 2013 को सचिव (नागर विमानन) द्वारा संकल्पना स्तर से परिचालन हेतु परीक्षण स्तर पर मूल्यांकन एवं विभिन्न विशेषज्ञ दलों द्वारा दी गई समीक्षा से संबद्ध गगन प्रमाणिकरण दस्तावेजों का एक समेकित सेट रिलीज किए जाने से गगन प्रमाणिकरण कार्यक्रम ने एक और उपलब्धि प्राप्त की है।

(ix) डीजीसीए द्वारा विधिवत अनुमोदन के पश्चात् विजाग, पोरबन्दर, उदयपुर तथा भोपाल मोनोपल्स सेकेन्डरी सर्विलांस राडार (एमएसएस आर) सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। इन राडारों से सेन्सर डाटा को चेन्नई, अहमदाबाद के ओटोमेशन सिस्टम में एकीकृत किया गया और नागपुर आटोमेशन सिस्टम ओवरलैपिंग और व्यापक सर्विलांस उपलब्ध करा रहा है और विमानन प्रचालन संरक्षा में योगदान कर रहा है।

(x) त्रिवेन्द्रम के लिए नए एएसआर/एमएसएस आर स्थल स्वीकार्यता परीक्षण पूरा हो गया है। डीजीसीए से विधिवत रूप से क्लीयरेंस मिलने के पश्चात चालू होने पर इस सिस्टम से राडार सर्विलांस तथा विमान प्रचालनों की संरक्षा बढ़ेगी।

(xi) खजुराहो तथा नागपुर के बीच सीधी संपर्कता की उपलब्धता के लिए एटीएस मार्ग डब्ल्यू 139 स्थापित किया गया है, जो 17 अक्टूबर, 2013 से प्रभावी होगी। खजुराहो तथा नागपुर के बीच उड़ान प्रचालनों के लिए यह नया मार्ग 6 एनएम तक छोटा है और इससे विमान के ईंधन में महत्वपूर्ण बचत होगी।

(xii) "नैवीगेशन तथा सर्विलांस उपकरणों की उपलब्धता" के लिए 99.85% वार्षिक लक्ष्य की तुलना में जुलाई, 2013 तक 99.93% लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

(xiii) निम्नलिखित के लिए कार्य अवार्ड कर दिए गए हैं: (i) जम्मू में सिविल हवाईअड्डा पर यात्री हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए टर्मिनल भवन का विस्तार एवं आशोधन के लिए 39.52 करोड़ रुपए; और (ii) इग्रुआ फुरसतगंज एसएचः पर राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक, हॉस्टल, उपस्टेशन भवन के निर्माण हेतु 85.57 करोड़ रुपए ।

1.2 मंत्रिमंडल सचिववालय द्वारा दिनांक 2 मई 2013 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से अपेक्षित जुलाई, 2013 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं घटनाओं से संबंधित मासिक रिपोर्ट

(रूपए करोड़ में)

| विषय | 2013-14 लक्ष्य | वर्ष 2013-14 वर्ष के रिपोटिंग माह के अंत में संचित उपलब्धियां | वर्ष 2012-13 के उसी माह के अंत में संचित उपलब्धियां |
|---|---|---|---|
| भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा निवेश<br>i) भा.वि.प्रा. द्वारा अपनी परियोजनाओं पर व्यय<br>ii) भा.वि.प्रा. द्वारा संयुक्त उद्यम कम्पनियों पर व्यय (इक्विटी) | 2060.00<br>242.00 | 252.54<br>0.00 | 343.05<br>0.00 |
| भा.वि.प्रा. द्वारा कुल निवेश (पीपीपी, ग्रीनफील्ड एवं ब्राउनफील्ड हवाई अड्डों सहित) | 2863.50 | 745.66 | 1091.82 |

1.3 नागर विमानन मंत्रालय के अंतगत सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अर्जित लाभ / उठाई गई हानि

i) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने माह अगस्त, 2013 के दौरान कर कटौतियों के पश्चात 60.96 करोड रूपए का लाभ अर्जित किया है ।

ii) पवन हंस लिमिटेड ने माह अगस्त, 2013 के दौरान कर कटौतियों के पश्चात 0.82 करोड़ रूपए (अस्थाई अन-आडिटिड) का लाभ अर्जित किया है ।

1.4 नागर विमानन मंत्रालय के सम्बद्ध अधीनस्थ कार्यालयों / सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की रिपोर्ट :-

1.4.1 नागर विमानन महानिदेशालय

(i) अगस्त, 2013 के दौरान कुल 755 उड़ानों के लिए क्लीयरेंस प्रदान की गई। इस माह के दौरान जारी किए गैर अनुसूचित परमिट की संख्या -शून्य तथा नवीकृत किए गए गैर अनुसूचित परमिटों की संख्या 01 है ।

(ii) लीलाबरी, सालेम, अगरतला और हुबली हवाई अड्डों के लाईसेंस और जमशेदपुर हवाई अड्डे के निजी लाईसेंस का नवीकरण किया।

(iii) नेताजी सुभाष चन्द बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोलकाता के पार्किंग स्टैड 51 तथा 56 एल पर वीडीजीएस के साथ पीबीबी को प्रचालनात्मक अनुमोदन प्रदान किया गया।

(iv) मुंबई हवाई अड्डा के रनवे 27 के लिए दो नए रैपिड एक्जिट टैक्सीवे के निर्माण के लिए अनुमोदन।

(v) ओबराय गार्डन, गोरेगॉव (मुंबई पूर्व) में निजी उपयोग वर्ग के अंतर्गत वेस्टीन रूफ टॉप हेलीकॉप्टर लेडिंग एरिया के लिए परिचालन संबंधी प्राधिकार दिए गए।

(vi) अगस्त, 2013 के दौरान दो (2) महत्वपूर्ण घटनाओं की सूचना प्राप्त हुई।

(vii) अगस्त, 2013 के दौरान चौवन (54) पक्षी दुर्घटनाएं सूचित की गई।

(viii) अगस्त, 2013 माह के दौरान 46 फॉरेन एयरक्रू टाईप अर्थोराईजन (एफएटीए) जारी किए जाने के अतिरिक्त 311 एयरक्रू लाइसेंस एवं रेटिंग जारी की गई।

(ix) देहरादून, बेलगाम, कोयम्मबतूर एयरपोर्ट का निगरानी निरीक्षण किया गया।

(x) बिरलाग्राम एयरपोर्ट का निरीक्षण किया गया।

(xi) अगस्त, 2013 के दौरान नए विमानों का पंजीकरण-08, स्वामित्व परिवर्तन/पंजीकरण परिवर्तन -15, विमानों का पंजीकरण समाप्ति- 04, एएमई लाइसेंस जारी-05 तथा विदेशी एएमई लाइसेंस नवीनीकरण-16 हुए ।

(xii) शोर प्रबंधन पर आधार-पत्र को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा आगामी 38 इकाओ सभा में प्रस्तुत करने के लिए इकाओ को अग्रेषित कर दी गई है।

### 1.4.2 नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस)

i) अगस्त, 2013 महीने के दौरान, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) अधिकारियों द्वारा तैतांलिस (43) डम्मी जांच की गई।

ii) नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो प्रशिक्षण संकाय द्वारा तेरह (13) बेसिक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो कार्यक्रम, चौदह (14) स्क्रीनर कार्यक्रम तवा एक विमानन सुरक्षा इन्स्ट्रकटर कोर्स का आयोजित किए गए।

iii) नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो टीम सुरक्षा द्वारा आडिट तथा निरीक्षण के लिए चौबीस (24) हवाई अड्डों का दौरा किया गया।

iv) बारह (12) हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था की औचक जांच की गई।

### 1.4.3 रेलवे सुरक्षा (सीआरएस) आयोग

(क) अगस्त, 2013 के दौरान, कोई गंभीर रेल दुर्घटना नहीं घटी।

(ख) अगस्त, 2013 के दौरान, यात्रियों को सार्वजनिक रूप से वहन करने के लिए एक (01) लाइन को खोलने से पूर्व वैधानिक निरीक्षण किए गए।

(ग) अगस्त, 2013 के दौरान, रेल संरक्षा आयुक्तों द्वारा रेलवे के 04 (चार) आवधिक अथवा अन्य निरीक्षण किए गए।